ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 13 अंक - 16 नवम्बर - II, 2012 (पाक्षिक) माउण्ट आबू मूल्य 7.50 रु.

शांतिवन। 'प्लेटिनम जुबली' के अवसर पर आयोजित सत्र का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद, नेपाल के उप राष्ट्रपति परमानंद झा, दादी जानकी, दादी रतनमोहिनी तथा अन्य।

आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना करेगा गॉडलीवुड स्टूडियो

शांतिवन, आबू रोड। समाज में तीव्र गति से गिर रहे आध्यात्मिक, नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में ब्रह्माकुमारी संस्थान का योगदान अवर्णनीय है। इसी तारतम्य में विगत ब्रह्माकुमारीज़ के मनमोहिनीवन परिसर में नवनिर्मित गॉडलीवुड स्टूडियो का भव्य उद्घाटन संस्था की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी ने किया।

इस उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए दादी जानकी ने कहा कि यह स्टूडियो पूरे विश्व को स्वर्णिम दिशा देगा, जिसमें सर्व मानव जाति का कल्याण निहित है। ईश्वरीय ज्ञान से मनुष्यात्माएं कुंभकर्णीय निद्रा का त्याग करेंगे और वे परमात्मा को पहचान कर उनसे अपना ईश्वरीय वर्सा लेंगे। इस तरह गॉडलीवुड स्टूडियो परमात्म प्रत्यक्षता का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

मुंबई के सुप्रसिद्ध म्यूजिक डायरेक्टर श्रवण कुमार ने कहा कि गॉडलीवुड स्टूडियो के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक और प्राचीन संस्कृति से पूरा विश्व अवगत होगा तथा सम्पूर्ण विश्व में शांति, एकता एवं भाईचारे का संदेश पहुँचेगा।

ब्र.कु.रमेश शाह ने कहा कि इस स्टूडियो में हर प्रकार की शूटिंग की जा सकेगी। यहाँ चारित्रिक, शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन से श्रेष्ठ समाज की स्थापना की नींव रखी जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि स्टूडियो से प्रतिदिन डेढ़ करोड़ लोगों को बाबा का संदेश मिलेगा।

न्यूयार्क की ब्र.कु.मोहिनी ने कहा कि स्टूडियो के निर्माण से विश्व विद्यालय की सेवाओं में अतुलनीय वृद्धि होगी। यह स्टूडियो ईश्वरीय स्नेह का उदाहरण है क्योंकि सभी के सहयोग से ही इसका निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि हॉलीवुड और बॉलीवुड को प्रसिद्ध होने में बहुत समय लगा लेकिन यह गॉडलीवुड स्टूडियो बहुत जल्द सुप्रसिद्ध होगा और अपने श्रेष्ठ उद्देश्य को पूरा करने में अवश्य ही सफल होगा।

ब्र.कु.हरीलाल ने स्टूडियो के बारे में बताते हुए कहा कि इस स्टूडियो के निर्माण में 29 एजेंसियों ने सहयोग किया है और 250 से अधिक लोगों ने डेढ़ वर्ष तक दिन-रात मेहनत की है। यह स्टूडियो अत्याधुनिक एच.डी. सुविधाओं से सुसज्जित है जो विश्व के बेहतरीन स्टूडियो में से एक है। इसका निर्माण

शेष पृष्ठ 7 पर

शांतिवन। गॉडलीवुड स्टूडियो का उद्घाटन करते हुए संस्था की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी, दादी रतनमोहिनी, ब्र.कु.मुन्नी बहन तथा अन्य।

वर्तमान समय वैश्विक बदलाव की आवश्यकता - खुर्शीद

शांतिवन। वर्तमान परिवेश में सकारात्मक वैश्विक बदलाव जरूरी हो गया है और इसकी पहल ब्रह्माकुमारीज़ संस्था ने की है। जिससे आशा की किरण पूरी दुनिया में उभरती हुई दिखायी दे रही है।

उक्त उद्गार केंद्रीय कानून एवं न्यायमंत्री सलमान खुर्शीद ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'प्लेटिनम जुबली' के समापन समारोह में देश भर से आए हजारों लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि न तो साम्राज्यवाद और न ही साम्यवाद ने आम आदमी को सम्मान दिया। भारतीय संस्कृति व सभ्यता के परिवेश में ब्रह्माकुमारीज़ जैसी संस्थाओं ने सामाजिक परिदृश्य को बदलने का भागीरथी प्रयास किया है। यह देश का सौभाग्य है कि तपोभूमि माउण्ट आबू में ऐसा आध्यात्मिक चेतना का केंद्र स्थापित हुआ है जिसने धर्म, जाति के भेदभाव से ऊपर उठकर विश्व बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाये हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इस समारोह में देखने को मिल रहा है। विभिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले हजारों लोग आज यहां एक परमात्मा और एक विश्व परिवार के सिद्धांत को सार्थक करते हुए मन के दीप और आँखों के दीप जलाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमें बचाना तो चाहता है लेकिन हम अपना हाथ उसके हाथ में दे नहीं पाते, क्योंकि हमने सिर्फ लेना ही सीखा है।

नेपाल के उपराष्ट्रपति परमानन्द झा ने संस्था के स्मारिका का विमोचन करने के पश्चात् अपने सम्बोधन में कहा कि अविश्वास और भ्रांतियों का माहौल समाप्त होना चाहिए। विज्ञान और तकनीक का सदुपयोग ऐसे समाज की संरचना के लिए करें जिसमें

शेष पृष्ठ 7 पर

शांतिवन। 'प्लेटिनम जुबली' के अवसर पर देश-विदेश से आए हुए गणमान्य अतिथि एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत करते हुए दक्षिण भारत के कलाकार।